ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (भारत)
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, U.P. (India)

# परीक्षा समिति की कार्यवाही

## दिनांक 24.05.2022 को अपराह्न 04:00 बजे सभागार में सम्पन्न परीक्षा समिति (03)की बैठक की कार्यवाही

बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित रहें :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रो0 एन0बी0 सिंह, कुलपति | – | अध्यक्ष। |
| 2. | प्रो0 ए0 चटर्जी | – | सदस्य। |
| 3. | प्रो0 चंदना डे | – | सदस्य। |
| 4. | प्रो0 एहतेशाम अहमद | – | सदस्य। |
| 5. | प्रो0 फ़खरे आलम | – | सदस्य। |
| 6. | प्रो0 सौबान सईद | – | सदस्य। |
| 7. | डॉ0 पूनम चौधरी | – | सदस्य। |
| 8. | डॉ0 नीरज शुक्ल | – | सदस्य। |
| 9. | श्री प्रवीण कुमार त्रिपाठी | – | सदस्य। |
| 10. | श्री संजय कुमार | – | सदस्य। |
| 11. | डॉ0 भावना मिश्रा, परीक्षा नियंत्रक | – | सदस्य सचिव। |

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त सदस्यगण का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारभ किये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को निर्देशित किया गया। तदक्रम में परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रस्तुत कार्यसूची पर परीक्षा समिति द्वारा बिन्दुवार निम्नांकित निर्णय लिये गये :–

बिन्दु सं0–1 **परीक्षा समिति की बैठक दिनांक 11, जनवरी 2022 तथा आकस्मिक बैठक दिनांक 28, जनवरी 2022 की संलग्न कार्यवाही के सम्पुष्टीकरण पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा पूर्व में सम्पन्न बैठक दिनांक 11, जनवरी 2022 तथा आकस्मिक बैठक दिनांक 28, जनवरी 2022 की कार्यवाही को यथावत् सम्पुष्ट किया गया।

बिन्दु सं0–2 **द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का सेमेस्टर शुल्क ऑनलाईन माध्यम से जमा कराये जाने एवं परीक्षा फार्म ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 21, मई 2022 से दिनांक 28, मई 2022 तक भरे जाने सम्बन्धी माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन से समिति को संसूचित किया जाना।**

द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर के विद्यार्थियों का सेमेस्टर शुल्क ऑनलाईन माध्यम से जमा कराये जाने एवं परीक्षा फार्म ऑनलाईन माध्यम से दिनांक 21, मई 2022 से दिनांक 28, मई 2022 तक भरे जाने सम्बन्धी माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन से परीक्षा समिति संसूचित हुई।

बिन्दु सं0–3 **विश्वविद्यालय के सत्र 2021–22 की सम सेमेस्टर परीक्षाओं से सम्बंधित प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षाऐं सम्पादित कराये जाने हेतु तिथि निर्धारण पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा सत्र 2021–22 के सम सेमेस्टर की प्रायोगिक/मौखिकी परीक्षाओं के सम्पादन हेतु दिनांक 05, जून 2022 से दिनांक 10, जून 2022 तक सम्पादित कराये जाने की संस्तुति की गयी।

Bmishra

- Sitapur-Hardoi Bypass Road, Lucknow -226013 U.P. (India) Contact:- 0522-2774041-45, Fax-05222774046
Website:- www.uafulucknow.ac.in, Email:- upuafulucknow@gmail.com

**बिन्दु सं0–4** **विश्वविद्यालय के सत्र 2021–22 की आगामी सम (द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम) सेमेस्टर की परीक्षाओं हेतु तैयार प्रस्तावित परीक्षा समय सारणी पर विचार। (दिनांक 14, जून 2022 से दिनांक 27, जून 2022 तक)**

माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त विभागों का पाठ्यक्रम पूर्ण होने की स्थिति की पृच्छा की गयी जिसके सापेक्ष कुलसचिव महोदय द्वारा अवगत कराया गया कि लगभग समस्त विभागों का 80 से 90 प्रतिशत पाठ्यक्रम पूर्ण हो चुका है। तत्क्रम में परीक्षा समिति द्वारा समस्त विभागों का पाठ्यक्रम अतिरिक्त कक्षाओं के साथ दिनांक 05, जून 2022 तक पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया जिससे सत्र 2021–22 के सम सेमेस्टर की परीक्षाऐं दिनांक 14, जून 2022 से दिनांक 27, जून 2022 तक सम्पादित करायी जा सकें।

**बिन्दु सं0–5** **अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन के पत्र सं0–1032/सत्तर–3–2022–08(35)/2020 दिनांक 20, अप्रैल 2022 के सापेक्ष विश्वविद्यालय स्तर पर बी0ए0, बी0एस0सी0 एवं बी0काम0 के प्रथम तीन वर्ष हेतु ग्रेडिंग व्यवस्था लागू कराये जाने सम्बंधी आदेश पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा के पत्र सं0–1032/सत्तर–3–2022–08(35)/2020 दिनांक 20, अप्रैल 2022 पर विचारार्थ निम्नानुसार समिति गठित किए जाने की संस्तुति प्रदान की गयी–

1. संकायाध्यक्ष, कला एवं मानविकी संकाय।
2. संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय।
3. संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय।
4. कुलसचिव।
5. परीक्षा नियंत्रक।

समिति को इस आशय का पत्र प्रेषित किए जाने की संस्तुति भी प्रदान की गयी कि गठित समिति एक सप्ताह में अपनी आख्या कुलसचिव के सम्मुख प्रेषित करे।

**बिन्दु सं0–6** **सत्र 2020–21 के द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर की परीक्षाओं में कोरोना महामारी के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश शासन के आदेशानुसार द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों को प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के अंको के अंर्तवेशन के आधार पर कक्षोन्नत करने का निर्णय लिया गया था। तत्क्रम में सत्र 2021–22 की प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाओं में तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा अपने प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के बैक प्रश्नपत्रों की परीक्षाऐं दी गयी थी, जिसके सापेक्ष अपने बैक प्रश्नपत्र में उत्तीर्ण होने के उपरान्त पुनः उनके अंकों के अंर्तवेशन के आधार पर सम्बंधित विद्यार्थियों का द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल अद्यतन किया गया। अग्रेतर यह भी अवगत कराना है कि कुछ विद्यार्थी किसी कारणवश अपने प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के बैक प्रश्नपत्र की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गये अथवा अनुपस्थित रहें है । अतः इस सत्र 2021–22 के सम सेमेस्टर परीक्षाओं में ऐसे विद्यार्थियों की बैक परीक्षाऐं सम्पादित कराये जाने पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा सम्बंधित प्रकरण पर विचारोपरान्त सम्बंधित विद्यार्थियों की बैक पेपर परीक्षा इस सत्र 2021–22 की सम सेमेस्टर परीक्षाओं के साथ सम्पादित कराये जाने की संस्तुति की गयी।

**बिन्दु सं0–7** **समस्त बैक पेपर प्रश्नपत्रों का निर्माण विश्वविद्यालय के आंतरिक शिक्षकों के माध्यम से कराये जाने पर विचार विमर्श।**

परीक्षा समिति द्वारा सत्र 2021–22 की सम सेमेस्टर परीक्षाओं के बैक प्रश्नपत्रों का निर्माण सम्बंधित विभाग की बी0ओ0एस0 द्वारा संस्तुत आंतरिक शिक्षकों के माध्यम से कराये जाने की संस्तुति की गयी।

**अन्य बिन्दु माननीय कुलपति/अध्यक्ष महोदय की अनुमति से।**

**बिन्दु सं0–1.1** सत्र 2021–22 की प्रथम तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षाओं में कुल 32 परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में लिखित सामग्री एवं इलेक्ट्रानिक उपकरण लाने के दोषी पाये गये है उनके प्रकरण पर अनुचित साधन प्रयोग समिति की संस्तुति एवं माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन से संसूचित किया गया। इस सम्बंध में कुछ विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर विचार एवं अनुचित साधन प्रयोग समिति की संस्तुतियों की समीक्षा हेतु पुनः समस्त प्रकरण पुर्नपरीक्षण हेतु अनुचित साधन प्रयोग समिति के सम्मुख रखने की संस्तुति की गयी जिससे कि निर्णयों में एकरुपता लायी जा सके।

**बिन्दु सं0–1.2** परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों के प्रारुप पर समीक्षा हेतु समिति द्वारा माननीय अध्यक्ष/कुलपति महोदय को अधिकृत किया गया तथा इस प्रकरण पर आख्या प्रस्तुत करने हेतु निम्नलिखित समिति का गठन किया गया–

1. समस्त संकायाध्यक्ष।
2. परीक्षा नियंत्रक।

**बिन्दु सं0–1.3** सत्र 2021–22 की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं में प्रवेशित विद्यार्थी अपना परीक्षा फार्म नही भर पाये थे तो ऐसे विद्यार्थियों को सम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने के लिये परीक्षा फार्म भराये जाने का निर्णय लिया गया।

**बिन्दु सं0–1.4** परीक्षा नियंत्रक द्वारा सत्र 2021–22 की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं से सम्बंधित 79 अभ्यर्थियों के किसी एक विषय के आंतरिक परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने से उनके परीक्षाफल अनुत्तीर्ण घोषित होने की बात कही गयी जिसके सापेक्ष अध्यक्ष महोदय द्वारा सम्बंधित प्रकरण की जांच हेतु निम्नलिखित समिति गठित की गयी–

1. संकायाध्यक्ष, कला एवं मानविकी संकाय।
2. संकायाध्यक्ष, वाणिज्य संकाय।
3. संकायाध्यक्ष, विज्ञान संकाय।
4. कुलसचिव।
5. परीक्षा नियंत्रक।

समिति द्वारा निर्देशित किया गया है कि वह अपनी आख्या अगली परीक्षा समिति की बैठक में अध्यक्ष महोदय के सम्मुख प्रस्तुत करेगी।

Bmishra

**(डॉ0 भावना मिश्रा)**
परीक्षा नियंत्रक/सचिव

**(प्रो0 एन0बी0 सिंह)**
कुलपति/अध्यक्ष